देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 151 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**निवेश संबंधी फैसले



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 15 सितंबर 2020



मौसम — अधिकतम 30.0° न्यूनतम 23.0°

37244.59

2 नेहरू की गलती दुहरा रहे नरेंद्र मोदी

7 चाहर पर काफी निर्भर करते हैं धोनी

# संसद से चीन को सख्त संदेश

## मानसून सत्र में होंगे कई महत्वपूर्ण फैसले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना महामारी के बीच संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। लगातार 18 दिन चलने वाले इस सत्र के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कोरोना से बचाव के लिए इस बार कई तरह के खास इंतजाम किए गए हैं। सांसदों तथा कर्मचारियों समेत 4000 से ज्यादा लोगों की कोरोना जांच की गई है। लोकसभा की कार्यवाही को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान भाजपा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद जेपी नड्डा ने जेडीयू सांसद हरिवंश नारायण का नाम राज्यसभा के उपसभासपति के लिए प्रस्तावित किया। जिसके बाद राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने घोषणा करते हुए कहा कि मैं हरिवंश नारायण को राज्यसभा के

■एनडीए उम्मीदवार हरिवंश नारायण सिंह दोबारा बने राज्यसभा के उपसभापति

उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया है। हरिवंश नारायण के उपसभापति चुने जाने पर पीएम मोदी ने कहा कि मैं हरिवंशजी जो को दूसरी बार इस सदन का उपसभापति चुने जाने पर बधाई देता हूं। सामाजिक कार्यों और पत्रकारिता के जरिए हरिवंशजी ने एक ईमानदार पहचान बनाई है। इसके लिए मेरे मन में उनक प्रति काफी सम्मान है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संसद में उनकी निष्पक्ष भूमिका हमारे लोकतंत्र को मजबूत करती है।

वहीं पीएम ने कहा, हमारी सेना के वीर जवान हिम्मत, जज्बे और बुलंद हौसलों के साथ सीमा पर डटे हुए हैं। कुछ समय के बाद बर्फबारी भी शुरू होगी। मुझे विश्वास है कि सभी सदस्य मिलकर संदेश देंगे कि पूरा देश जवानों के साथ खड़ा है जो सीमा पर डटकर मातृभूमि की रक्षा कर रहे हैं। संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले मीडिया को दिये आने बयान में मोदी ने लद्दाख में चीन के साथ चल रहे सीमा गतिरोध ा के स्पष्ट संदर्भ में कहा कि भातीय सैनिक कठिन पहाड़ी इलाकों में बहादुरी के साथ अपना कर्तव्य निभा रहे हैं।

**कोरोना पर स्वास्थ्य मंत्री का बयान:** कोरोना वायरस पर लोकसभा में स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने बताया कि अधिकतम मामले और मौतें मुख्य रूप से महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, यूपी, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, बिहार, तेलंगाना, ओडिशा, असम, केरल और गुजरात से हुई हैं। प्रति 10 लाख जनसंख्या पर भारत में 3,328 मामलें हैं और 55 मौतें हैं, जो दुनिया के अन्य देशों की तुलना में कम है।

### कोरोना भी है और कर्तव्य भी: पीएम

पीएम मोदी ने कहा कि संसद का सत्र ऐसे कठिन मसय में शुरू हो रहा है, जहां एक तरफ कोरोना है और दूसरी तरफ कर्तव्य। सांसदों ने कर्तव्य का पथ चुना है। मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। इस बार लोकसभा और राज्यसभा अलग–अलग समय पर चलेगी। इस बार शनिवार और रविवार को भी सदन चलेगा। सभी सांसद इस पर सहमत हैं।



### संसद में उठा ड्रग्स का मुद्दा

लोकसभा में भाजपा सांसद रवि किशन ने ड्रग्स का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी की समस्या बढ़ रही है। देश के युवाओं को बर्बाद करने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहे हैं, हमारे पड़ोसी देश इसमें योगदान दे रहे हैं। पाकिस्तान और चीन से ड्रग्स की तस्करी हर साल की जाती है। इसे पंजाब और नेपाल के रास्ते लाया जाता है। उन्होंने कहा कि ड्रग की लत फिल्म इंडस्ट्री में भी है। कई लोगों को पकड़ा गया है, एनसीबी बहुत अच्छा काम कर रही है।

### लोकसभा में प्रणव मुखर्जी को श्रद्धांजलि

सदन में पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम अजीत जोगी, सांसद और राज्यपाल रहे लालजी टंडन, यूपी की मंत्री कमला रानी और चेतन चौहान और पूर्व केंद्री य मंत्री रघुवंश प्रसाद सिंह को श्रद्धांजलि दी गई।

### मीनाक्षी लेखी समेत 17 सांसद कोरोना पॉजिटिव

नई दिल्ली। मॉनसून सत्र के पहले दिन ही 17 सांसद कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए हैं। सभी सांसदों की सदन चलने से पहले कोरोना जांच की गई थी। अबतक हुई जांचों में बीजेपी सांसद मीनाक्षी लेखी, अनंत कुमार हेगड़े और प्रवेश साहिब सिंह समेत 17 सांसद पॉजिटिव मिले हैं। पॉजिटिव मिले सांसदों में सुखबीर सिंह, प्रताप राव जाधव, जनार्दन सिंह, हनुमान बेनीवाल, सेल्ध्वम जी, प्रताप राव पाटिल, रामशंकर कठेरिया, सत्यपाल सिंह समेत अन्य भी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सलमान को कोर्ट में होना पड़ेगा पेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जोधपुर। कोरोना काल में भी अदालतों के चक्कर सलमान खान का पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। जोधपुर में फिल्म अभिनेता सलमान खान से जुड़े कांकाणी हिरण शिकार मामले व आर्म्स एक्ट मामले में सोमवार को जोधपुर जिला एवं सेशन जिला जोधपुर जज राघवेंद्र कच्छवाह की कोर्ट में सुनवाई लंबित थी। साथ ही इस दौरान कोर्ट ने सलमान खान को कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए।

### चंदा कोचर के पति दीपक कोचर कोरोना पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ चंदा कोचर के पति दीपक कोचर को कोरोना से संक्रमित पाए जाने के बाद एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया है। ICICI बैंक–वीडियोकॉन से जुड़े धन शोधन के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत बीते सोमवार को ईडी ने दीपक कोचर को गिरफ्तार किया था।

# अभी नहीं हटेंगी रेलवे लाइन के किनारे बसीं 48,000 झुग्गियां

## सुप्रीम कोर्ट ने तीन महीने के भीतर हटाने के दिए थे निर्देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजधानी में रेलवे लाइन के किनारे बसीं झुग्गियां फिलहाल नहीं हटाई जाएंगी। केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को यह जानकारी दी। सरकार ने अदालत में कहा कि शहरी विकास मंत्रालय, रेल मंत्रालय और दिल्ह्ली सरकार एक साथ बैठकर 4 हफ्तों में इस मसले का हल निकालेंगे, तब तक झुग्गियां नहीं ढहाई जाएंगी। दिल्ली में 140 किलोमीटर तक रेल पटरियों के किनारे करीब 48,000 झुग्गियां हैं। न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की तीन सदस्यीय पीठ ने इन्ह्हें तीन माह के भीतर हटाने का निर्देश दिया था।

**अतिक्रमण पर कोई अंतरिम आदेश नहीं होगा प्रभावी:** सुको ने इलाके में अतिक्रमण हटाने के संबंध में किसी भी अदालत को किसी तरह की रोक लगाने से भी रोका है। उसने कहा था कि रेल पटरियों के पास अतिक्रमण के संबंध में अगर कोई अंतरिम आदेश पारित किया जाता है तो वह प्रभावी नहीं होगा। पर्यावरण प्रदूषण प्राधिकरण (ईपीसीए) ने अपनी रिपोर्ट में रेलवे को उत्तरी क्षेत्र में, दिल्ली और उसके आस–पास के इलाकों से शुरू करते हुए, ठोस कूड़ा प्रबंधन के लिए समयबद्ध योजना प्रस्तुत करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।

**रेलवे उठाएगा 70 फीसदी खर्च** सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई पर कहा था कि इस पूरी कवायद पर जरूरी खर्च का 70 प्रतिशत हिस्सा रेलवे और तीस प्रतिशत राज्य सरकार उठाएगी। मानव श्रम दक्षिणी दिल्ली नगर निगम, रेलवे और सरकारी एजेंसियों की तरफ से मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। रेलवे को एक लॉन्ग टर्म प्लान भी बनाना होगा कि कि पटरियों के किनारे कूड़े के ढेर न लगाए जाएं।

### हर झुग्गी में है बिजली का कनेक्शन

एक अनुमान के अनुसार, नारायणा विहार, आजादपुर शकूर बस्ती, मायापुरी, श्रीनिवासपुरी, आनंद पर्बत और ओखला में झुग्गियों में लगभग 2,40,000 लोग रहते हैं। उत्तर रेलवे ने शीर्ष न्यायालय को इस बाबत एक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें कहा गया था कि रेल पटरियों के किनारे झुग्गियां पटरियों को साफ सुथरा रखने में बाधक हैं। दिलचस्प बात है कि हर झुग्गी में बिजली का कनेक्शन है। उसमें रहने वाले लोगों के पास आधार कार्ड और राशन कार्ड हैं।

# भारी मन से मुंबई से रवाना हो रही हूं: कंगना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। कंगना रनोट और महाराष्ट्र सरकार के बीच जारी रस्साकशी के बीच सोमवार को कंगना चंडीगढ़ पहुंची। वह लगभग 11 बजे यहां पहुंची और फिर मनाली के लिए रवाना हो गई। चंडीगढ़ पहुंचते ही कंगना ने ट्वीट किया। लिखा कि चंडीगढ़ में उतरते ही मेरी सिक्योरिटी नाममात्र रह गई है, लोग खुशी से बधाई दे रहे हैं। बता दें, विवाद के बाद कंगना को केंद्र सरकार ने कड़ी सुरक्षा दी है। मुंबई में उनकी सुरक्षा और भी कड़ी कर दी गई थी। अपने ट्वीट में कंगना ने सोनिया गांधी पर भी निशाना साधा। अपने ट्वीट में कंगना ने लिखा– चंडीगढ़ में उतरते ही मेरी सिक्योरिटी नाममात्र रह गई। लोग खुशी से बधाई दे रहे हैं। लगता है इस बार मैं बच गई। एक दिन था जब मुंबई में माँ के आँचल की शीतलता महसूस होती थी। आज वो दिन है जब जान बची तो लाखों पाए। शिव सेना से सोनिया सेना होते ही मुंबई में आतंकी प्रशासन का बोल बाला है।

इसके बाद मनाली रवाना होने से पूर्व कंगना ने एक और ट्वीट किया और इसमें भी सोनिया गांधी पर निशाना साधा। कंगना ने लिखा– दिल्ली के दिल को चीर के वहाँ इस साल खून बहा है, सोनिया सेना ने मुंबई में आजाद कश्मीर के नारे लगवाए, आज आजादी की कीमत सिर्फ आवाज है, मुझे अपनी आवाज दो, नहीं तो वो दिन दूर नहीं जब आजादी की कधीमत सिर्फ और सिर्फ खून होगी।

कंगना ने सोमवार सुबह–सुबह मुंबई से रवाना होते–होते कुछ ट्वीट किया और लिखा, भारी मन से मुंबई से रवाना हो रही हूं। इतने दिनों में जिस तरह से मुझे डराया–धमकाया गया, मेरे दफ्तर को तोड़ने के बाद बाद मेरे घर को भी निशाना बनाया गया, जिस तरह से मेरे इर्द–गिर्द शस्त्रबल वाली सिक्यॉरिटी तैनात की गई, मुझे कहना ही होगा कि पीओके से तुलना वाला मेरा बयान कुछ गलत नहीं।

### निशाना

चंडीगढ़ पहुंचते ही किया ट्वीट लिखा– लगता है इस बार मैं बच गई

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# चीन के जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुनियाभर में 24 लाख अतिमहत्वपूर्ण लोगों के जासूसी का बड़ा खुलासा हुआ है। इस जासूसी को चीन की सेना और खुफिया एजेंसी से जुड़ी कंपनी झेन्हुआ डाटा इंफॉरमेशन टेक्नॉलजी कंपनी लिमिटेड अंजाम दे रही थी। इन 24 लाख लोगों में 10 हजार लोग और संगठन भारत और करीब 35 हजार लोग ऑस्ट्रेलिया के थे। इनमें तीनों ही देशों की नामचीन हस्तियां शामिल हैं। भारत में राष्ट्रपति रामनाथ कोविद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी आदि शामिल हैं। झेन्हुआ डाटा इंफॉरमेशन टेक्नॉलजी कंपनी लिमिटेड के ग्राहकों में चीनी सेना और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी शामिल है। इस जासूसी के दौरान लोगों की जन्मतिथि, पते, वैवाहिक स्थिति, फोटो, राजनीतिक जुड़ाव, रिश्तेदार और सोशल मीडिया आईडी शामिल है।

यह चीनी कंपनी ट्विटर, फेसबुक, लिंकडिन, इंस्टाग्राम और टिकटॉक अकाउंट से सूचनाएं इकट्ठा कर रही थी। इसके आलवा समाचार, आपराधिक रेकॉर्ड और कारपोरेट अपराध शामिल हैं।

### भारत, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया... दुनियाभर में 24 लाख लोगों की कर रहा था जासूसी